प्रेरणा
"अपनी जिंदगी में अगर वाकई कुछ हासिल करना है तो, अपने तरीकों को बदलो अपने इरादों को कभी नहीं।।"

सच कहने की ताकत — साप्ताहिक समाचार पत्र

# जालंधर ब्रीज

जल है तो कल है

www.jalandharbreeze.com • JALANDHAR BREEZE • WEEKLY • YEAR-6 • 24 JANUARY TO 30 JANUARY 2025 • VOLUME 27 • PAGE-4 • RATE-3.00/- • RNI NO.: PUNHIN/2019/77863

Lic No : 933/ALC-4/LA/FN:1184
INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE
INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE CONSULTING DESIGN TRAINING
ISO CERTIFIED 2015 COMPANY
✓ STUDY ✓ WORK ✓ SETTLE IN ABROAD
Low Filing Charges & *Pay Money after the visa
•IELTS •STUDY ABROAD
CANADA AUSTRALIA USA U.K SINGAPORE EUROPE
E-mail : hr@innovativetechin.com • Website : www.innovativetechin.com • FB/Innovativetechin • Contact : 9988115054 • 9317776663
REGIONAL OFFICE : S.C.O No. 10 Gopal Nagar, Near Batra Palace, Jal. HEAD OFFICE : S.C.O No. 21-22, Kuldip Lal Complex, Highway Plaza GT Road, Adjoining Lovely Professional University, Phagwara. *T&C apply

# फर्जी बयानों से प्रभावित हो रही चुनावी प्रक्रिया : ईएमबी




### चुनावों का भविष्य प्रौद्योगिकी, सोशल मीडिया, एआई और साइबर सुरक्षा में प्रगति और चुनौतियों से निश्चित होगा: सीईसी राजीव कुमार

• **जालंधर ब्रीज.** नई दिल्ली

भारत का चुनाव आयोग नई दिल्ली में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित कर रहा है। इस सम्मेलन में लगभग 13 देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों (ईएमबी) और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि समकालीन चुनाव प्रबंधन के प्रमुख मुद्दों पर चर्चा के लिए एकत्रित हो रहे हैं। 'वैश्विक चुनाव वर्ष 2024: लोकतांत्रिक स्थानों की पुनरावृत्ति, ईएमबी के लिए सीख' विषय पर सम्मेलन का आयोजन भारत और अन्य देशों में 2024 में चुनाव कराने में ईएमबी के विविध अनुभवों के आधार पर ईसीआई द्वारा किया जा रहा है। सम्मेलन में ईएमबी के प्रमुख और उप प्रमुख भाग ले रहे हैं जिनमें मॉरीशस के चुनाव आयुक्त अब्दुल रहमान मोहम्मद इरफान, भूटान के सीईसी दाशो सोनम तापगे, कजाकिस्तान गणराज्य के अध्यक्ष और सीईसी नूरलान अब्दिरोव, नेपाल के सीईसी दिनेश के. थापलिया, नामीबिया के चुनाव आयोग की अध्यक्ष एल्सी नघीकेम्बुआ, इंडोनेशिया के आम चुनाव आयोग के आयुक्त इधम होलिक, रूसी संघ की एल्मीरा खैमुरज़िना, श्रीलंका की अनुसूया शानमुगनाथन, ट्यूनीशिया की नजला अब्रूगुई और उजबेकिस्तान के बखरोम कुचकारोव भाग ले रहे हैं। इसके अलावा अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि जैसे इंटरनेशनल फाउंडेशन फॉर इलेक्टोरल सिस्टम्स (आईएफईएस) के अध्यक्ष और सीईओ एंथनी नाथन बानबरी और ए-वेब और इंटरनेशनल आईडीईए के महासचिव इन-सिक-जंग भी सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। इसमें भूटान, जॉर्जिया, नामीबिया, उज्बेकिस्तान, श्रीलंका, इंडोनेशिया, कजाकिस्तान, आयरलैंड, मॉरीशस, फिलीपींस, रूसी संघ, ट्यूनीशिया और नेपाल सहित 13 देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों (ईएमबी) के लगभग 30 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

अपने मुख्य भाषण में सीईसी राजीव कुमार ने कहा कि चुनौतियों और जटिलताओं के बीच लोकतांत्रिक मूल्यों की पुष्टि के लिए 2024 ईएमबी के लिए एक निर्णायक वर्ष था। उन्होंने दक्षता, पारदर्शिता और मतदाता विश्वास बढ़ाने में प्रौद्योगिकी और डिजिटल नवाचारों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती है, लेकिन यह अपने साथ साइबर सुरक्षा खतरों और गलत सूचना जैसी चुनौतियां भी लाती है। उन्होंने ईएमबी से इन तकनीकी चुनौतियों से निपटने के लिए रणनीतियों को कारगर बनाने का आग्रह किया ताकि जोखिमों से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। चुनावी प्रक्रियाओं में विश्वास को खत्म करने वाले फर्जी आख्यानों के प्रति सावधानी बरतते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे फर्जी आख्यान आमतौर पर चुनाव प्रक्रिया के महत्वपूर्ण मोड़ पर उसके महत्वपूर्ण पहलुओं को निशाना बनाने के लिए गढ़े जाते हैं।

उज्बेकिस्तान, श्रीलंका, मॉरीशस, इंडोनेशिया, कजाकिस्तान के चुनाव प्रबंधन निकायों ने 2024 के अपने चुनावी अनुभवों को साझा किया और लाइव चुनावों में चुनावी अखंडता को प्रभावित करने वाले सोशल मीडिया पर गलत सूचना, भ्रामक सूचना और फर्जी आख्यानों के बारे में अपनी चिंताएं प्रकट कीं। मॉरीशस के सीईसी अब्दुल रहमान ने भी ईएमबी में मतदाताओं के विश्वास को कम करने के लिए फर्जी खबरों के खतरों से अवगत कराया। चुनाव कर्मचारियों की भर्ती के लिए फर्जी ऑनलाइन आवेदनों के एक विशेष मामले पर प्रकाश डालते हुए रहमान ने चुनावों के दौरान गलत सूचना और भ्रामक सूचना के खतरे को बढ़ाने में प्रौद्योगिकी और सोशल मीडिया के उपयोग पर चिंता व्यक्त की। नामीबिया के चुनाव आयोग के एक प्रतिनिधि ने फर्जी खबरों के बढ़ते चलन पर चिंता व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया पर फर्जी खबरों से निपटने के लिए सुझाव मांगे। इंडोनेशिया के आम चुनाव आयोग के आयुक्त इदान होलिक ने गलत सूचनाओं से निपटने के लिए एक समर्पित व्हाट्सएप चैनल के उपयोग पर अपने अनुभवों को साझा किया।

# गणतंत्र दिवस के मद्देनजर पंजाब में सुरक्षा कड़ी

## डीजीपी ने फिरोजपुर, बठिंडा और पटियाला रेंज में सुरक्षा प्रबंधों का लिया जायजा




### केजरीवाल की सुरक्षा से हटाई पंजाब पुलिस

आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल को मिली पंजाब पुलिस की सुरक्षा हटा ली गई है। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने कहा है कि चुनाव आयोग और दिल्ली पुलिस के निर्देश पर पंजाब पुलिस के जवान जो केजरीवाल की सुरक्षा में तैनात थे उन्हें वापस बुला लिया गया है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल को सिक्योरिटी थ्रेट्स हैं, जिसको लेकर हमें चिंता है। दिल्ली पुलिस से हम बात कर रहे हैं।

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़/फिरोजपुर/बठिंडा/पटियाला

पंजाब सरकार द्वारा अगले तीन वर्षों में पुलिस भवनों, विशेष रूप से पुलिस थानों और पुलिस लाइनों के उन्नयन और आधुनिकीकरण के लिए 426 करोड़ रुपये की अनुदान राशि स्वीकृत कर दी गई है। इससे पंजाब पुलिस को अपने बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन मिला है। यह जानकारी गुरुवार को डीजीपी पंजाब गौरव यादव ने दी। उन्होंने कहा कि 426 करोड़ रुपये की इस राशि का उपयोग पूरे राज्य में पुलिस भवनों, खासतौर पर पुलिस थानों, पुलिस लाइनों और अन्य पुलिस बुनियादी ढांचे को आधुनिक और उन्नत बनाने के लिए किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि इससे पुलिस बल की कार्यक्षमता और प्रभावशीलता में वृद्धि होगी।

गौरतलब है कि डीजीपी पंजाब ने गणतंत्र दिवस को ध्यान में रखते हुए फिरोजपुर, बठिंडा और पटियाला पुलिस रेंज में कानून व्यवस्था की समीक्षा करने और सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लेने के लिए त्वरित दौरा किया। अपने इस दौरे के दौरान, डीजीपी गौरव यादव ने बठिंडा में पुनर्निर्मित कॉन्फ्रेंस हॉल का उद्घाटन किया और पटियाला में पुलिस कंट्रोल रूम (पीसीआर) के लिए 20 मोटरसाइकिलों को समर्पित किया। साथ ही, पुलिस बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण के लिए चल रही कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया। ये मोटरसाइकिलें कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) फंडिंग के तहत पटियाला पीसीआर में शामिल की गई हैं।

डीजीपी ने कहा कि पंजाब पुलिस आगामी गणतंत्र दिवस-2025 के सुरक्षित और शांतिपूर्ण आयोजन को सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह तैयार है और पूरे राज्य में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। उन्होंने बताया कि सभी सीपीज/एसएसपीज को सुरक्षा को कड़ा करने, गश्त तेज करने और रात्रि समय में नाइट डोमिनेशन ऑपरेशन्स को और अधिक मुस्तैदी से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। विभिन्न रेंजों के अधिकारियों के साथ डीजीपी ने मुख्यमंत्री भगवंत मान के निर्देशों के अनुरूप राज्य में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा अलर्ट और आवश्यक जानकारियां साझा कीं। उन्होंने सीपीज/एसएसपीज को सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस की उपस्थिति बढ़ाने और अपने-अपने क्षेत्रों में संवेदनशील स्थानों पर निगरानी और गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए। इसके अलावा, पुलिस नाकों की संख्या बढ़ाने के भी आदेश जारी किए गए हैं।

डीजीपी गौरव यादव ने 'यूथ कनेक्ट' कार्यक्रम के तहत, जिला संगरूर में युवा एथलीटों को प्रशिक्षण देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले 6 कोचों को पदोन्नति दी।

# चेयरपर्सन राज लाली गिल व चेयरमैन कंवरदीप सिंह पीड़ितों और पुलिस कमिश्नर से मिले

### पंजाब राज्य महिला आयोग और पंजाब बाल अधिकार आयोग द्वारा एक महिला और तीन लड़कियों के साथ हुई घटना के संदर्भ में लुधियाना का दौरा

• **जालंधर ब्रीज.** लुधियाना/चंडीगढ़

पंजाब राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन राज लाली गिल और पंजाब बाल अधिकार आयोग के चेयरमैन कंवरदीप सिंह ने गुरुवार को एक महिला और तीन लड़कियों के साथ हुई घटना के संदर्भ में स्थानीय एकजोत नगर का दौरा किया। एडीसी (जी) रोहित गुप्ता के साथ घटना स्थल पर पहुंचे राज लाली गिल और कंवरदीप सिंह ने इस अमानवीय घटना पर दुख व्यक्त किया और परिवार को पूरी सहायता का भरोसा दिलाया। उन्होंने घटना के दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई के आदेश दिए और पुलिस को किसी भी दोषी को न बख्शने के लिए कहा। उन्होंने आगे कहा कि आयोग द्वारा ऐसी घटनाओं को सहन नहीं किया जाएगा और दोषियों के लिए मिसाली सजा सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने पुलिस कमिश्नर कुलदीप सिंह चाहल से भी मुलाकात की और अब तक हुई गिरफ्तारियों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्य आरोपी को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा क्योंकि विभिन्न पुलिस टीमें पहले ही उसकी गिरफ्तारी के लिए बहुत सतर्कता से काम कर रही हैं। इस मामले में तीन गिरफ्तारियां पहले ही की जा चुकी हैं। उन्होंने यह भी बताया कि किशोरों और बाल मजदूरी जैसी अमानवीय गतिविधियों को रोकने के लिए श्रम विभाग और अन्य संबंधित विभागों को निर्देश जारी किए गए हैं।

# 50,000 रिश्वत लेते हवलदार गिरफ्तार

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

5वीं कमांडो बटालियन, बठिंडा में तैनात हवलदार (एच.सी.) नछत्तर सिंह को 50,000 रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया है। यह राशि मुख्य आरोपी कमांडो ड्रिल ऑफिसर (सीडीओ) हवलदार तरसेम सिंह के नाम पर ली जा रही थी, जो गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार हो गया है। यह खुलासा करते हुए विजिलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि यह गिरफ्तारी 5वीं कमांडो बटालियन में तैनात एक अन्य हवलदार परमिंदर सिंह द्वारा दर्ज करवाई गई शिकायत के आधार पर की गई। प्रवक्ता ने बताया कि इस सूचना के आधार पर विजिलेंस ब्यूरो ने प्रारंभिक जांच की और बठिंडा यूनिट की टीम ने जाल बिछाकर हवलदार नछत्तर सिंह को दो सरकारी गवाहों




की मौजूदगी में शिकायतकर्ता से रिश्वत लेते हुए रंगे हाथो काबू कर लिया। इस मामले में विजिलेंस ब्यूरो के थाना बठिंडा रेंज में दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। विजिलेंस ब्यूरो द्वारा फरार चल रहे तरसेम सिंह को पकड़ने के प्रयास जारी हैं और मामले की आगे जांच की जा रही है।

# झारखंड की चर्चित आईएएस पूजा सिंघल को राहत पर बीजेपी हमलावर

**नई दिल्ली.** बीजेपी सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि झारखंड की आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल को भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। उनके सीए के पास से 16 करोड़ रुपये बरामद हुए थे। पीएमएलए अधिकारियों ने उनके पास से 36 करोड़ रुपये नकद भी बरामद किए थे। पिछले 28 महीने से वह जेल में बंद थी। दिसंबर में उन्हें जमानत मिल गई और 21 जनवरी को उनका निलंबन वापस ले लिया गया और उन्हें बहाल कर दिया गया। प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस भी झारखंड सरकार का हिस्सा है और उन्हें जवाब देना होगा कि क्या हो रहा है। मेरा सवाल राहुल गांधी से है जो संविधान हाथ में लेकर घूमते हैं। झारखंड सरकार के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। सिंघल को ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने के एक दिन बाद 12 मई 2022 को निलंबित कर दिया गया था। यह मामला मनरेगा को लागू करने में कथित भ्रष्टाचार से जुड़ा है।



# क्या कैबिनेट के साथ यमुना में स्नान कर सकते हैं केजरीवाल : सीएम योगी

**लखनऊ.** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को किरारी में अपनी पहली चुनावी रैली को संबोधित किया, और मतदाताओं से आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का समर्थन करने का आग्रह किया। रैली में भारी भीड़ उमड़ी क्योंकि सीएम योगी ने विकास, कानून व्यवस्था में सुधार और भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन का वादा किया। आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल की आलोचना तेज करते हुए योगी ने सवाल किया कि क्या आप नेता और उनके मंत्री प्रदूषित यमुना नदी में डुबकी लगाने की हिम्मत करेंगे। योगी ने चुनौती देते हुए कहा कि अगर एक मुख्यमंत्री के तौर पर मैं और मेरे मंत्री प्रयागराज में संगम में डुबकी लगा सकते हैं तो मैं दिल्ली में आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल से पूछना चाहता हूं कि क्या वह अपने मंत्रियों के साथ जाकर यमुना में स्नान कर सकते हैं? मुझे नहीं लगता कि वे इसकी हिम्मत करेंगे और मुझे नहीं लगता कि दिल्ली के लोग इस लापरवाही के लिए उन्हें माफ करेंगे। योगी ने कहा कि यह राष्ट्रीय राजधानी है। एनडीएमसी क्षेत्र के अलावा दिल्ली में सड़कों, पानी की आपूर्ति और बिजली की स्थिति पर नजर डालें। एक दशक पहले, लोग बेहतर बुनियादी ढांचे, मेट्रो सेवाओं और स्वच्छता के लिए यहां आते थे। लेकिन अब इस सरकार ने इसे क्या बना दिया है?



# दिल्ली विस चुनाव : सीएम मान ने कस्तूरबा नगर में रोड शो और महरौली-छतरपुर में की जनसभा

• **जालंधर ब्रीज.** दिल्ली/चंडीगढ़

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए वीरवार को भी प्रचार किया। मान ने पहले कस्तूरबा नगर में एक बड़ा रोड शो किया। इसके बाद महरौली और छतरपुर विधानसभा क्षेत्रों में दो जन सभा कर लोगों को संबोधित किया। रोड शो के दौरान जब मान कस्तूरबा नगर की भीड़ भरी सड़कों से गुजरे तो बड़ी संख्या में आप समर्थकों ने उनका स्वागत किया। लोगों ने जयकारे और नारे लगाए। मान ने स्थानीय लोगों का धन्यवाद किया और उनसे आप उम्मीदवारों को वोट देने का आग्रह किया।

सभा को संबोधित करते हुए मान ने लोगों को भारी समर्थन के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मैं लोगों का उत्साह और ऊर्जा



देख सकता हूं और मुझे विश्वास है कि 5 फरवरी को चुनाव में झाड़ू चलेगा। उन्होंने कहा कि हमने लोगों के लिए काम किया है और अब लोगों का अपने प्रतिनिधियों को चुनने का समय आ गया है।

## राष्ट्रपति बनने के बाद डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लिए गए एक आदेश ने महिलाओं में मचाया हड़कंप

# 20 फरवरी से पहले डिलीवरी के लिए अस्पतालों में लगी भीड़

**वाशिंगटन.** डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के तौर पर शपथ ले ली है। 47वें राष्ट्रपति के तौर पर शपथ लेते ही उन्होंने कई महत्वपूर्ण फैसले किए। चुनाव जीतने के बाद ट्रंप ने जो भी ऐलान किए थे, उसे अब वो कुछ हद तक पूरा करते हुए नजर आ रहे हैं। लेकिन ट्रंप के एक फैसले से प्रेग्नेंट महिलाएं अस्पतालों में पहुंचने लगी हैं। ये महिलाएं समय से पहले डीलिवरी के लिए अस्पताल में फ़ॉर्म साइ कर रही हैं। ट्रंप के नए आदेश के अुसार जो बच्चे 20 फरवरी के बाद जन्म लेंगे उन्हें अमेरिका की जन्मजात नागरिकता नहीं मिलेगी। इसी के चलते कई परिवार चाहते हैं कि उनके बच्चे 20 फरवरी से पहले जन्म ले और बर्थराइट सिटिजनशिप हासिल करें।



ट्रम्प ने शपथ लेने के बाद अवैध प्रवासियों की एंट्री बैन करने के अलावा जन्मजात नागरिकता (बर्थराइट सिटीजनशिप) को खत्म करने को लेकर भी एग्जीक्यूटिव ऑर्डर जारी किया है। एग्जीक्यूटिव ऑर्डर वह आदेश होते हैं, जिन्हें राष्ट्रपति जारी करते हैं। उनका यह आदेश कानून बन जाता है जिसे कांग्रेस की मंजूरी की जरूरत नहीं होती। कांग्रेस इन्हें पलट नहीं सकती।

न्यू जर्सी के एक मैटरनिटी क्लिनिक के डॉ. एसडी रामा ने बताया कि ट्रंप के बर्थराइट के 14वें संशोधन में बदलाव करने के कदम के चलते वक्त से पहले बच्चों की डिलीवरी कराने के लिए लंबी लाइन लग गई है। रमा के क्लिनिक में कतार में लगने वालों में से अधिकांश भारतीय महिलाएं हैं जो गर्भावस्था के आठवें या नौवें महीने में हैं, वे सभी 20 फरवरी से पहले सी-सेक्शन निर्धारित करने के लिए कह रही हैं। जिससे 20 फरवरी से पहले उनकी डिलीवरी हो जाए और उनके बच्चों को जन्मजात अमेरिका की नागरिकता मिल जाए। एक सात महीने की गर्भवती महिला अपने पति के साथ समय से पहले प्रसव के लिए साइन अप करने आई थी।

अमेरिकी जमीन पर पैदा हुए किसी भी बच्चे को अपने आप ही नारिकता मिल जाती है, चाहे उसके माता-पिता का इमिग्रेशन या फिर नागरिकता का स्टेटस कुछ भी हो। ट्रंप के आदेश के लागू होने के नाद अमेरिका में पैदा हुए बच्चे को नागरिकता उसी हालत में मिलेगी, जन उसके माता- पिता में से कोई एक अमेरिकी नागरिक हो, ग्रीन कार्ड होल्डर या फिर अमेरिकी सेना में हो।



# 3 दिन के ट्रिप के लिए बेस्ट जगह कम समय में आएगा फुल मजा

TRAVELLING

**घूमने फिरने का शौक रखते हैं और आने वाले वीकेंड पर 3 दिन की शॉर्ट ट्रिप प्लान कर रहे हैं तो यहां कुछ डेस्टिनेशन के बारे में बता रहे हैं जहां आप शॉर्ट ट्रिप के लिए जा सकते हैं।**

• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

घूमना-फिरना सभी को पसंद होता है, लेकिन बात जब शॉर्ट ट्रिप की हो तो अच्छी डेस्टिनेशन सिलेक्ट करना थोड़ा मुश्किल होता है। ऐसे में हम आपको कुछ ऐसी डेस्टिनेशन के बारे में बता रहे हैं जहां आप 3 दिन में ट्रिप पूरा कर सकते हैं। अगर आप दिल्ली में रहते हैं तो इन जगहों पर आसानी से पहुंच सकते हैं। वीकेंड ट्रिप पर इन जगहों पर खूब पर्यटक जाते हैं। ऐसे में आप भी आने वाले वीकेंड पर यहां जाने की प्लानिंग कर सकते हैं।

## धानाचूली

उत्तराखंड का धानाचूली समुद्र से 7000 फीट की ऊंचाई पर है। चारों ओर जंगलों और शंकुधारी पेड़ों से घिरा ये गांव बहुत सुंदर दिखता है। ये एक पहाड़ी डेस्टिनेशन है जो नैनीताल से घंटे की दूरी पर है। वहीं मुक्तेश्वर महादेव मंदिर से 14 किलोमीटर की दूरी पर है। उत्तराखंड का धानाचूली प्रकृति की हरी-भरी सुंदरता से भरपूर हैं।

## औली

औली उत्तराखंड का एक हिल स्टेशन है, जिसे भारत के स्कीइंग डेस्टिनेशन में से एक के रूप में भी जाना जाता है। शंकुधारी पेड़ों और जंगलों से सजी पहाड़ियों के सुंदर नजारे का मजा लेने के लिए इस जगह पर जरूर जाएं। 3 दिन के ट्रिप के लिए ये अच्छी जगह है।

## कोटा

कोटा राजस्थान का तीसरा सबसे ज्यादा आबादी वाला शहर है। चंबल नदी के किनारे बसा ये शहर बहुत सुंदर है। यहां लोग मगरमच्छों को देखने, पक्षियों को देखने और नाव की सवारी के लिए नदी किनारे जाते हैं। हरियाली और झीलों का सही मिक्स देखने के लिए ये जगह बेस्ट है।


## बीर-बिलिंग

ट्रेकर्स और ऐड्वेंचर एक्टिविटी पसंद करने वाले लोगों के लिए हिमाचल प्रदेश का बीर-बिलिंग अच्छी जगह है। यहां पर लोग पैराग्लाइडिंग करने के लिए आते हैं, वहीं ये जगह ट्रैकिंग और कैंपिंग के लिए भी बहुत अच्छी है। बीर अपने प्राचीन तिब्बती मठों और बीर टी फैक्ट्री के लिए भी फेमस है।

KNOW YOUR FOOD

# घर की थाली में कितना है पोषण? जानें आप कहां कर रहे हैं गलती

**क्या पेट भरना और भरपूर पोषण लेना एक बात है? नहीं। लेकिन घर के खाने के मामले में हम मान लेते हैं कि पेट भरकर खाने से सेहत बन ही जाएगी। पर, विशेषज्ञों की राय इससे इतर है। सेहतमंद भोजन के लिए क्या-क्या जरूरी है...**



• **जालंधर ब्रीज .** फीचर

**घर** के बड़े-बूढ़ों को आपने अकसर यह कहते सुना होगा कि घर का खाना खाओ, घर के भोजन से बीमारी नहीं होती है। और तो और अगर आप डाइटीशियन या डॉक्टर के पास जाएं तो वे भी घर के भोजन पर ही जोर देते हैं। और यह सही भी है। घर का भोजन ही सबसे बेहतर होता है। इसमें मां के प्यार के साथ आपकी सेहत का ख्याल रखने की कोशिश भी की जाती है। भोजन को तैयार करते समय साफ-सफाई, गुणवत्ता हर चीज का ख्याल रखा जाता है ताकि स्वाद मिलने के साथ सेहत से भी समझौता न हो।

## बाहरी भोजन की दखलंदाजी

कई बार कुछ खास तरह की रेसेपी तैयार करने में हम बाहरी भोजन का सहारा लेने लगते हैं। जैसे बाहर का बना अदरक-लहसुन पेस्ट, क्रीम, प्यूरी वगैरह। हमें इस बात का ख्याल रखना चाहिए कि इस तरह के बाहरी भोजन में प्रिजर्वेटिव्स का इस्तेमाल होता है। इसलिए इनसे बचने की जरूरत है। इस तरह की चीजें घर पर आसानी से तैयार की जा सकती हैं, इसलिए बाहर से इन्हें लेने से बचें। इसी तरह बाहर का अचार, दही वगैरह भी स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

## भोजन के तरीके में गड़बड़ी

क्या भोजन का काम केवल पेट भरना है? नहीं, यह हमारे शरीर के सुचारू संचालन के लिए भी जिम्मेदार होता है। और इसी कारण भोजन का तरीका भी पूरी तरह वैज्ञानिक है। यही कारण है कि फूड साइंस एक पूरा अलग विषय है। आपको भोजन के सही तरीके के लिए फूड साइंस नहीं पढ़ना पड़ेगा। बस, कुछ सामान्य बातें हैं जिनको अपनाकर आप भोजन से पोषण प्राप्त कर सकती हैं। मोनिका कहती हैं कि भोजन और पानी साथ नहीं होना चाहिए।

## विपरीत आहार का सेवन

आयुर्वेद में कुछ आहार को साथ खाने में प्रतिबंध लगाया गया है। इन्हें विपरीत आहार कहते हैं। संभव है कि दो अलग आहार पोषण से भरे हों और सेहत के लिए बेहद लाभकारी हों। लेकिन अगर इनका सेवन एक साथ किया जाए तो इनके परिणाम विपरीत मिल सकते हैं और आपको कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। दूध के साथ दही, नमक, मूली, इमली, खरबूज, बेल, नरियल, नीबू, अनार, गुड़, सत्तू, मछली वगैरह का सेवन मना है। दही के साथ खीर, पनीर, खीरा, करेला, भिंडी, खरबूज लेना मना है। खीर के साथ कटहल, खटाई, सत्तू लेना मना है। शहद के साथ घी, गर्म पानी, तेल, अंगूर, मूली खाना मना है। इस तरह ऐसे कई मेल हैं, जिनका सेवन आपको खतरे में डाल सकता है। साथ ही मौसम, स्थान, शारीरिक अवस्था, दोषों के आधार पर भी कुछ आहार को विपरीत आहार माना गया है।

## स्वाद-स्वाद में

कई लोगों का मनना है कि घर पर ही बाहर जैसा भोजन बना लिया जाए, तो स्वाद की संतुष्टि भी हो जाएगी और भोजन से नुकसान भी नहीं होगा। ऐसा मानना एक हद तक तो सही है, लेकिन अगर वाकई बाहर जैसे भोजन को तैयार करने की जुगत लगाई जाए तो आपकी घर की थाली भी सेहत पर भारी पड़ सकती है। घर के भोजन में अगर नमक, मैदा, चीनी या तेल का ज्यादा इस्तेमाल किया जाता है तो वह भी उतना ही हानिकारक है, जितना बाहर का भोजन। साथ ही एक ही तेल को बार-बार इस्तेमाल करने से वह ट्रांस फैट में तब्दील हो जाता है और गंभीर समस्याओं को निमंत्रण देने लगता है। इसलिए स्वाद पर नियंत्रण भी जरूरी है। घर की थाली सेहत से भरी होनी ज्यादा जरूरी है। इसके लिए पराठे पर अलग से मक्खन लगाने से बचें, सब्जी में अलग से घी न डालें, रोज तला भोजन खाने से बचें और चीनी और नमक की मात्रा घटाते जाएं। खासतौर पर इन्हें अलग से लेने से तो बचें ही।

## पकाने के तरीके का प्रभाव

पोषण का कितना नुकसान हुआ है, यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि किसी खाद्य पदार्थ को कैसे और कितनी देर पकाया गया है। ज्यादा पकाने से पोषण का ज्यादा नुकसान होता है। सबसे बेहतर है, उबला भोजन। इसके बाद भुना भोजन और अगर आप तला भोजन चाहती हैं तो तेल की मात्रा कम रखते हुए स्टर फ्राई को सही माना गया है। डीप फ्राई और देर तक तलना भोजन को हानिकारक बना देता है। इसके अलावा भोजन को पकाने के लिए इस्तेमाल होने वाला बर्तन भी उसकी गुणवत्ता में योगदान देता है। लोहे, पीतल और मिट्टी का पात्र भोजन को पकाने के लिए सबसे अच्छे माने गए हैं, वहीं एल्युमिनियम और नॉनस्टिक सबसे खराब पात्र माने जाते हैं। भोजन को पकाने के लिए वनस्पति घी और रिफाइन को हानिकारक माना जाता है।

*डिस्क्लेमर : यह लेख मात्र सामान्य जानकारी के लिए है। किसी भी प्रयोग से पहले विशेषज्ञ की राय अवश्य लें।*

# पकौड़े-समोसे जैसे फ्राइड फूड हर बार बनेंगे क्रिस्पी और कुरकुरे

घर में फ्राइड फूड बनाते हुए अगर आपके स्नैक्स भी बाजार जैसे कुरकुरे और क्रिस्पी नहीं बनते तो ये छोटी-छोटी टिप्स आपके बड़े काम आ सकती हैं। इन्हें फॉलो कर के आप हर बार परफेक्ट स्नैक्स बना सकती हैं।



• **जालंधर ब्रीज.** रेसिपी

रोज का वही सादा-सिंपल खाना खाने से जब हम बोर हो जाते हैं तो अक्सर घर में कुछ फ्राइड फूड बनाया जाता है। वो गरमा-गरम ब्रेड पकौड़े हों या आलू और प्याज के पकौड़े, क्रिस्पी कटलेट हों या समोसे जैसा कोई स्नैक।

हालांकि इनका मजा तभी आता है जब ये एकदम क्रिस्पी और कुरकुरे बनते हैं। घर में फ्राइड फूड बनाते हुए अक्सर महिलाओं की यही शिकायत होती है कि उनके स्नैक बाजार की तरह क्रिस्पी नहीं बनते। कई बार जहां ये काफी सॉगी हो जाते हैं, तो कई बार इनमें तेल भर जाता है। आपकी इसी परेशानी को दूर करने के लिए आज हम आपके साथ कुछ कुकिंग टिप्स शेयर कर रहे हैं, जो हर बार आपके स्नैक्स को क्रिस्पी और बिल्कुल बाजार जैसा बनाने में मदद करेंगी।

## इन टिप्स से क्रिस्पी बनेगा हर स्नैक्स

1) फ्राइड फूड को क्रिस्पी बनाने के लिए उसके ऊपर कॉर्नस्टार्च या ब्रेड क्रम्ब्स आदि की कोटिंग करें। दरअसल, इस कोंटग से खाद्य पदार्थ और तेल के बीच में एक परत बन जाती है। कोंटग करने से फ्राइड फूड अंदर से मुलायम रहता है, जबकि बाहर से यह एकदम क्रिस्पी हो जाता है।

2) तला-भुना खाना कुरकुरा भी रहे, इसमें तेल का सही तापमान अहम भूमिका निभाता है। यदि तेल पर्याप्त गर्म नहीं होगा तो भोजन बहुत अधिक तेल सोख लेगा और खाने पर मुंह में तेल का स्वाद आएगा। पहले तेल को गर्म करें। जब उससे धुआं निकलने लगे तो आंच मध्यम करें और फिर तलें।

3) अगर आप जल्दबाजी में एक बार में ढेर सारे पकौड़े तलती हैं, तो यकीन मानिए वह कभी क्रिस्पी नहीं बनेंगे। ज्यादा मात्रा में एक बार में तलने से वह ठीक से पकेगा नहीं। साथ ही साथ, इससे तेल का तापमान भी कम हो जाता है।

4)अगर आप सच में अपने फूड को ज्यादा क्रिस्पी बनाना चाहती हैं तो उसे दो बार तलें। पहले खाने को तलने के बाद उसे तेल से हटा दें। सर्व करने से ठीक पहले तेल को ज्यादा तापमान पर गर्म करके खाद्य पदार्थ को दोबारा तलें। डबल फ्राई करने से खाना बेहद ही क्रिस्पी और टेस्टी लगेगा।

5) अगर आप चाहती हैं कि आपके बनाए पकौड़े तेल कम सोखें, तो गर्म तेल में आधा चम्मच नमक डालकर पकौड़े तलें। पकौड़े न सिर्फ तेल कम मात्रा में सोखेंगे बल्कि पकौड़ा या फिर आप जो भी स्नैक्स तल रही हैं, वह क्रिस्पी भी बनेगा।

# रात को बाहर क्यों नहीं सुखाने चाहिए छोटे बच्चों के कपड़े? धर्म से ही नहीं, साइंस से भी जुड़ी है वजह




• **जालंधर ब्रीज .** फीचर

परिवार में अकसर बड़े-बुजुर्ग छोटे बच्चों के कपड़े रात को बाहर सुखाने के लिए मना करते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार रात के समय में वातावरण में नकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, जो छोटे बच्चों के बाहर सूख रहे कपड़ों में भी प्रवेश करके उनकी सेहत को नुकसान पहुंच सकती है। वहीं बात अगर विज्ञान की करें तो साइंस भी छोटे बच्चों के कपड़े रात को बाहर सुखाने की सलाह नहीं देता है। आइए जानते हैं रात को आखिर क्यों नहीं बाहर सुखाने चाहिए छोटे बच्चों के कपड़े।

**धार्मिक कारण :** धार्मिक मान्यताओं के अनुसार रात के समय नकारात्मक ऊर्जा अधिक प्रबल होती है, जो कपड़ों के जरिए छोटे बच्चों की सेहत को नुकसान पहुंचा सकती है।

**क्या कहता है साइंस? :** रात के समय ओस की वजह से कपड़े सूखने की जगह अधिक गीले हो जाते हैं। कपड़ों में मौजूद इस नमी की वजह से उन में कई तरह के बैक्टीरिया, वायरस और फंगस पनप सकते हैं। जो छोटे बच्चों को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

**स्किन एलर्जी :** कपड़ों पर मौजूद नमी की वजह से रात में कई तरह के कीड़े, मच्छर और कीट कपड़ों पर बैठकर अपने अंडे और गंदगी छोड़ सकते हैं। जिससे बच्चे को स्किन एलर्जी या त्वचा से जुड़ी कोई समस्या भी हो सकती है।

**अच्छी तरह नहीं सूखते कपड़े :** कपड़ों को प्रभावी ढंग से सूखने के लिए धूप और शुष्क मौसम की आवश्यकता होती है। दोपहर के समय कपड़ों को सुखाने के लिए ये दोनों ही चीजें आसानी से उपलब्ध होती हैं। जबकि रात के समय नमी की वजह से कपड़े देर से सूखते या हल्के गीले ही बने रहते हैं।

**गंदे हो सकते हैं कपड़े :** कई बार रात को अचानक मौसम खराब होने की वजह से धूल, मिट्टी या बारिश की वजह से धुले हुए कपड़े गंदे होकर खराब हो जाते हैं।


**गीले कपड़ों की बदबू से दिलाता है छुटकारा :** सूर्य की पराबैंगनी किरणें गीले कपड़ों पर दुर्गंध और दाग पैदा करने वाले हानिकारक जीवाणुओं को मार देती है। बता दें, सूर्य की रोशनी से सूखे हुए कपड़ों में मशीन से ड्राई हुए कपड़ों की तुलना में सिलवटें भी कम होती हैं।

# सर्दियों में धूप सेंकते समय ना करें ये गलतियां, होंगे नुकसान

HEALTH

**अगर धूप सेंकने का सही तरीका ना पता हो तो ये फायदे की जगह सेहत को नुकसान भी पहुंचाने लगती है। आइए जानते हैं धूप सेंकते समय इसके फायदे लेने के लिए किन गलतियों को करने से बचना चाहिए।**

• **जालंधर ब्रीज.** हेल्थ केयर



सर्दियों के मौसम में हर कोई गुनगुनी धूप का मजा जी भरकर लेना चाहता है। एक अच्छी धूप ना सिर्फ शरीर को गर्माहट देती है बल्कि विटामिन डी की कमी पूरी करके व्यक्ति को सेहतमंद बनाए रखने में भी मदद करती है। सेहत के लिए इतनी फायदेमंद होने के बावजूद अगर धूप सेंकने का सही तरीका ना पता हो तो ये फायदे की जगह सेहत को नुकसान भी पहुंचाने लगती है। आइए जानते हैं धूप सेंकते समय इसके फायदे लेने के लिए किन गलतियों को करने से बचना चाहिए।

## लंबे समय तक धूप में बैठने से बचें

सर्दियों में लोग शरीर की गर्माहट बनाए रखने के लिए घंटों पार्क में बैठकर धूप सेंकते रहते हैं। लेकिन ऐसी गलती करने से आपको बचना चाहिए। बता दें ज्यादा देर तक धूप सेंकने से त्वचा झुलसकर लाल हो सकती है, जिससे खुजली और सनबर्न की समस्या पैदा हो सकती है।

## सनस्क्रीन यूज ना करना

सूरज की यूवी किरणों से त्वचा को बचाने के लिए स्किन पर हमेशा सनस्क्रीन लगाकर रखें। सनस्क्रीन लगाने से त्वचा को सनबर्न और त्वचा कैंसर से बचाया जा सकता है। ऐसा ना करने पर सूरज की पराबैंगनी किरणें त्वचा के कोलेजन को तोड़कर झुर्रियां, भूरे धब्बे और कमजोरी जैसी समस्याएं पैदा कर सकती है।

## गलत समय धूप लेने से बचें

सर्दियों में सुबह 8 से 10 बजे के बीच धूप सेंकना सबसे अच्छा माना जाता है। इस समय की धूप हल्की और त्वचा के लिए फायदेमंद मानी जाती है। गलत समय धूप लेने से त्वचा और आंखों को नुकसान हो सकता है।

## पर्याप्त पानी पिएं

धूप में बैठने से शरीर में डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है इसलिए धूप सेंकने से पहले और बाद में पर्याप्त पानी जरूर पिएं।

## आंखों की सुरक्षा के प्रति लापरवाही

धूप की तेज चमक आंखों को नुकसान पहुंचा सकती है। ऐसे में धूप में बैठते समय अपनी आंखों की सुरक्षा के लिए धूप का चश्मा पहनें।

*नोट : इस खबर में बताए गए सुझाव सामान्य जानकारी पर आधारित हैं। इसलिए किसी भी उपचार/दवा/डाइट को अमल करने से पहले डाक्टर या संबंधित एक्सपर्ट की सलाह जरूर लें।*

# शपथ लेते ही एक्शन में डोनाल्ड ट्रंप, 10 बड़े फैसलों से हिल जाएगी दुनिया

*डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ले ली है। ट्रंप ने एक ताकतवर नेतृत्व और एक शक्तिशाली राष्ट्रपति की दृष्टि के साथ व्हाइट हाउस में वापसी की है।*

• **जालंधर ब्रीज** . वर्ल्ड न्यूज

डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ले ली है। रिपब्लिकन पार्टी के नेता ट्रंप ने एक ताकतवर नेतृत्व और एक शक्तिशाली राष्ट्रपति की दृष्टि के साथ व्हाइट हाउस में वापसी की है। शपथ लेते ही डोनाल्ड ट्रंप एक्शन में नजर आ रहे हैं। उन्होंने बाइडन प्रशासन के 78 फैसलों को रद्द कर दिया है। साथ ही उन्होंने आव्रजन, शुल्क और ऊर्जा सहित कई क्षेत्रों में अमेरिकी नीतियों को आक्रामक रूप से बदलने का वादा किया है। ट्रंप के इन 10 फैसलों का असर पुरी दुनिया पर पड़ता नजर आ रहा है।

**अमेरिका फर्स्ट :** शपथ ग्रहण के तुरंत बाद डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका फर्स्ट नीति पर काम शुरू कर दिया है। उन्होंने साफ कहा कि दुनिया अब अमेरिका का इस्तेमाल नहीं कर सकेगी। उन्होंने भ्रष्टाचार, महंगाई को खत्म करने का वादा किया।

**एनर्जी इमरजेंसी :** डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका में एनर्जी इमरजेंसी लागू करने का फैसला किया है। इस फैसले का उद्देश्य ईंधन की कीमतें घटाने के साथ ही पेट्रोल, डीजल और कोयले का भंडारण बढ़ाना है। इसका उद्देश्य दुनियाभर में अमेरिकी ईंधन का एक्सपोर्ट बढ़ाना भी है।

**पेरिस जलवायु समझौते से बाहर :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका को ऐतिहासिक पेरिस जलवायु समझौते से बाहर निकाल लिया है। पेरिस जलवायु समझौते का मुख्य दीर्घकालिक लक्ष्य पूर्व औद्योगिक स्तर से वैश्विक तापमान को दो डिग्री सेल्सियस से नीचे, और यदि संभव हो तो इसे 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखना है।

**WHO से बाहर:** ट्रंप ने अमेरिका को विश्व स्वास्थ्य संगठन यानी WHO से बाहर निकालने के आदेश पर भी हस्ताक्षर कर दिए हैं। अमेरिका 1948 में WHO का सदस्य बना था। वह इस वैश्विक संस्था को




फंड देने वाले सबसे प्रमुख देशों में से एक था। अमेरिका के इस फैसले से विश्व स्वास्थ्य संगठन को बड़ा झटका लगा है।

**पनामा नहर वापस लेंगे :** ट्रंप ने चीन से पनामा नहर वापस लेने का फैसला किया है। अमेरिका का दावा है कि नहर हमने बनाई लेकिन चीन ने यहां आधिपत्य स्थापित कर लिया है। वह अमेरिका से ज्यादा टैक्स वसूल कर रहा है। हालांकि पनामा के राष्ट्रपति ने इसका विरोध करते हुए कहा कि पनामा नहर हमारी है, हमारी ही रहेगी।

**ट्रांसजेंडर सिस्टम खत्म :** ट्रंप ने अमेरिका में थर्ड जेंडर समाप्त करने का फैसला किया है। देश में अब पुरुष और महिला 2 ही जेंडर होंगे। इस फैसले से खुद को ट्रांसजेंडर मामने वाले लाखों को सरकार से मिलने वाले फायदे बंद हो जाएंगे।

**EV पर सब्सिडी बंद:** अमेरिकी राष्ट्रपति ने पेट्रोल और डीजल की गाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए ईवी गाड़ियों पर सब्सिडी खत्म करने का भी एलान कर दिया। ट्रंप के इस कदम से जहां ईवी वाहनों को बड़ा झटका लगा है वहीं अमेरिकी ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री को भी नया जीवन मिलेगा। अमेरिका में पहले 20 कंपनियां पेट्रोल डीजल वाहन बना रही थी, जो अब घटकर 12 ही रह गई है।

**संसद परिसर पर हमले के आरोपियों को क्षमादान :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वे 6 जनवरी 2021 को अमेरिकी संसद भवन परिसर (यूएस कैपिटल) पर हुए हमले के आरोपियों एवं अपने लगभग 1,500 समर्थकों को क्षमादान दे रहे हैं। ट्रंप का यह कदम अपेक्षित था, क्योंकि उन्होंने अपने चुनाव प्रचार अभियान में इसका जिक्र किया था। संसद भवन परिसर पर ट्रंप के समर्थकों के हमले में 100 से अधिक पुलिस अधिकारी घायल हो गए थे।

**मैक्सिको बॉर्डर सील :** राष्ट्रपति बनते ही ट्रंप ने मैक्सिको से लगी अमेरिकी बॉर्डर को सील कर दिया है। पिछले 4 सालों में इस रास्ते से लगभग 15 लाख लोग अमेरिका में घुसपैठ कर चुके हैं। ट्रंप ने गल्फ ऑफ मैक्सिको का नाम बदलकर मैकिनले की खाड़ी करने का फैसला किया है।

**टिकटॉक को राहत :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वीडियो साझा करने वाले मंच टिकटॉक के संचालन को 75 दिन बढ़ाने संबंधी एक शासकीय आदेश पर सोमवार को हस्ताक्षर किए। अमेरिका में टिकटॉक के 17 करोड़ उपयोगकर्ता हैं। अमेरिका में टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाने वाला संघीय कानून प्रभावी होने से कुछ घंटे पहले ऐप को शनिवार को बंद किया गया था।

# पीएम नरेन्द्र मोदी ने 10 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में स्वामित्व योजना के तहत 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित किए

• **जालंधर ब्रीज** . नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 10 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों के 230 से अधिक जिलों के 50,000 से अधिक गांवों में संपत्ति मालिकों को स्वामित्व योजना के तहत 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित किए। इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आज का दिन भारत के गांवों और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए ऐतिहासिक दिन है और उन्होंने इस अवसर पर सभी लाभार्थियों और नागरिकों को बधाई दी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पांच साल पहले स्वामित्व योजना की शुरुआत की गई थी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों को उनके प्रॉपर्टी कार्ड मिलें। उन्होंने कहा कि अलग-अलग राज्य प्रॉपर्टी के मालिकाना हक के प्रमाणपत्रों को अलग-अलग नामों से पुकारते हैं, जैसे घरौनी, अधिकार अभिलेख, प्रॉपर्टी कार्ड, मालमत्ता पत्रक और आवासीय भूमि पट्टा। मोदी ने कहा, "पिछले 5 वर्षों में 1.5 करोड़ से ज़्यादा लोगों को स्वामित्व कार्ड दिए गए हैं।" आज के कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि 65 लाख से ज़्यादा परिवारों को ये कार्ड मिल चुके हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वामित्व योजना के तहत अब गांवों में रहने वाले करीब 2.25 करोड़ लोगों को उनके घरों के लिए कानूनी दस्तावेज मिल चुके हैं। उन्होंने सभी लाभार्थियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी में जलवायु परिवर्तन, जल संकट, स्वास्थ्य संकट और महामारी सहित कई चुनौतियां हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया के सामने एक और बड़ी चुनौती संपत्ति के अधिकार और कानूनी संपत्ति के दस्तावेजों की कमी है। प्रधानमंत्री ने संयुक्त राष्ट्र के एक अध्ययन का हवाला दिया, जिसमें पता चला है कि विभिन्न देशों में कई लोगों के पास अपनी संपत्ति के लिए समुचित कानूनी दस्तावेज नहीं हैं। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र ने इस बात पर जोर दिया है कि गरीबी कम करने के लिए लोगों के पास




*पृष्ठभूमि :* स्वामित्व योजना को प्रधानमंत्री द्वारा ग्रामीण भारत की आर्थिक प्रगति को बढ़ाने के दृष्टिकोण के साथ शुरू किया गया था, ताकि सर्वेक्षण के लिए नवीनतम ड्रोन तकनीक के माध्यम से गांवों में बसे हुए क्षेत्रों में घरों के मालिक परिवारों को 'अधिकारों का रिकॉर्ड' प्रदान किया जा सके। • यह योजना संपत्तियों के मुद्रीकरण को सुगम बनाने और बैंक ऋण के माध्यम से संस्थागत ऋण उपलब्ध कराने, संपत्ति संबंधी विवादों को कम करने, ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्तियों और संपत्ति कर के बेहतर मूल्यांकन की सुविधा प्रदान करने तथा व्यापक ग्राम-स्तरीय योजना बनाने में भी मदद करती है। • 3.17 लाख से अधिक गांवों में ड्रोन सर्वेक्षण पूरा हो चुका है, जिसमें लक्षित गांवों का 92 प्रतिशत हिस्सा शामिल है। अब तक 1.53 लाख से अधिक गांवों के लिए लगभग 2.25 करोड़ संपत्ति कार्ड तैयार किए जा चुके हैं। • पुडुचेरी, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, त्रिपुरा, गोवा, उत्तराखंड और हरियाणा में यह योजना पूरी तरह से लागू हो चुकी है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्यों और कई केंद्र शासित प्रदेशों में ड्रोन सर्वेक्षण पूरा हो चुका है।

संपत्ति के अधिकार होने चाहिए। प्रधानमंत्री ने एक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री के बारे में बताया, जिन्होंने संपत्ति के अधिकारों की चुनौती पर एक किताब लिखी थी। उस किताब में बताया गया था कि ग्रामीणों के पास स्वामित्व वाली छोटी संपत्ति अक्सर "मृत पूंजी" होती है। उन्होंने कहा कि इसका मतलब है कि संपत्ति का इस्तेमाल लेन-देन के लिए नहीं किया जा सकता है और इससे परिवार की आय बढ़ाने में मदद नहीं मिलती है। मोदी ने कहा कि भारत संपत्ति के अधिकारों की वैश्विक चुनौती से अछूता नहीं है। उन्होंने कहा कि लाखों-करोड़ों की संपत्ति होने के बावजूद, ग्रामीणों के पास अक्सर कानूनी दस्तावेजों की कमी होती है, जिससे विवाद होते हैं और यहां तक कि शक्तिशाली व्यक्तियों द्वारा अवैध कब्जा भी किया जाता है। उन्होंने कहा कि कानूनी दस्तावेजों के बिना, बैंक भी ऐसी संपत्तियों से दूरी बनाए रखते हैं। प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि पिछली सरकारों ने इस मुद्दे को हल करने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए। उन्होंने कहा कि 2014 में सरकार ने स्वामित्व योजना के माध्यम से संपत्ति के दस्तावेजीकरण की चुनौती से निपटने का फैसला किया। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि कोई भी संवेदनशील सरकार अपने ग्रामीणों को इस तरह के संकट में नहीं छोड़ सकती। स्वामित्व योजना के बारे में विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा कि इसमें ड्रोन का इस्तेमाल करके गांवों में घरों और जमीनों की मैपिंग करना और ग्रामीणों को आवासीय संपत्तियों के कानूनी दस्तावेज प्रदान करना शामिल है। उन्होंने कहा कि इस योजना के लाभ अब दिखाई देने लगे हैं। मोदी ने स्वामित्व योजना के लाभार्थियों के साथ अपनी पिछली बातचीत का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि अब उन्हें अपनी संपत्तियों के लिए बैंकों से सहायता मिलती है, और उनकी संतुष्टि और खुशी स्पष्ट है।

# सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा केबल टेलीविजन नेटवर्क नियम, 1994 में प्रमुख संशोधन

• **जालंधर ब्रीज** . नई दिल्ली

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने आज स्थानीय केबल ऑपरेटर ( एलसीओ) पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए केबल टेलीविजन नेटवर्क नियम, 1994 (नियम) में संशोधन की अधिसूचना जारी की है। आज से प्रभावी, एलसीओ पंजीकरण पूरी तरह से ऑनलाइन होंगे और मंत्रालय ही उनका पंजीकरण प्राधिकारी होगा।

आवेदक के आधार, पैन, सीआईएन, डीआईएन आदि विवरणों के सफल सत्यापन के बाद, एलसीओ पंजीकरण प्रमाणपत्र वास्तविक समय में जारी किए जाएंगे । इसके अलावा, एलसीओ पंजीकरण के लिए पंजीकरण या नवीनीकरण से मना करने के मामले में अपील का प्रावधान भी जोड़ा गया है।

इससे पहले, एलसीओ पंजीकरण प्रक्रिया, एलसीओ कार्यालय क्षेत्र के स्थानीय प्रधान डाकघर में ऑफ़लाइन मोड में की जाती थी और प्रधान डाकपाल उनके पंजीकरण प्राधिकारी होते थे। मैन्युअल पंजीकरण प्रक्रिया बोझिल थी और इसमें काफी समय लगता था और साथ ही, पंजीकरण प्राप्त करने पर परिचालन का क्षेत्र विशिष्ट क्षेत्रों तक ही सीमित था।

**एलसीओ पंजीकरण के सम्बंध में संशोधित नियमों की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं : -**

- एलसीओ को एमआईबी के प्रसारण सेवा पोर्टल ( www.new.broadcastseva.gov.in ) पर नए पंजीकरण या पंजीकरण के नवीनीकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा और पंजीकरण प्रमाणपत्र ऑनलाइन जारी किया जाएगा एलसीओ पंजीकरण पांच वर्ष की अवधि के लिए प्रदान या नवीकृत किया जाएगा।
- पंजीकरण या नवीनीकरण के लिए प्रसंस्करण शुल्क केवल पांच हजार रुपये है।
- एलसीओ पंजीकरण पूरे भारत में परिचालन के लिए वैध होगा।

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय
MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING
सत्यमेव जयते

- पंजीकरण के नवीकरण के लिए आवेदन पंजीकरण की समाप्ति से कम से कम 90 दिन पहले किया जाना चाहिए।
- एलसीओ पंजीकरण प्राधिकारी अर्थात नामित अनुभाग अधिकारी द्वारा पंजीकरण या पंजीकरण के नवीकरण से मना किए जाने के निर्णय के खिलाफ अपीलीय प्राधिकारी अर्थात अवर सचिव (डीएएस) के समक्ष 30 दिनों के भीतर अपील कर सकते हैं।
- मौजूदा एलसीओ पंजीकरण, पंजीकरण प्रमाणपत्र में उल्लेख की गई अवधि के लिए वैध रहेगा। ऐसे मामले में जहां एलसीओ का मौजूदा पंजीकरण 90 दिनों से कम समय के लिए वैध है, नवीनीकरण के लिए आवेदन, यदि कोई हो, तो पोर्टल पर तुरंत किया जाएगा।
- पंजीकरण प्रदान करने/नवीनीकरण के लिए डाकघरों में किए गए आवेदन, जो आज की तिथि तक लंबित हैं, उन्हें वापस लेना होगा तथा पोर्टल पर आवेदन करना होगा।
- यदि किसी सहायता की आवश्यकता हो तो पोर्टल पर उपलब्ध हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क किया जा सकता है या lco.das[at]gov[dot]in पर ईमेल भेजा जा सकता है।
- पंजीकरण/नवीकरण प्रमाणपत्र आवेदकों के विवरण के ऑनलाइन सफल सत्यापन के बाद वास्तविक समय के आधार पर तैयार किया जाएगा जो पंजीकरण और नवीकरण प्रक्रिया सरकार की व्यापार को आसान बनाने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

# सेना की पश्चिमी कमान ने 9वां सशस्त्र बल पूर्व-सैनिक दिवस मनाया

• **जालंधर ब्रीज** . चंडीगढ़

भारतीय सेना की पश्चिमी कमान ने 9वें सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस के उपलक्ष्य में 14 से 19 जनवरी, 2025 के बीच पठानकोट, सांबा, कठुआ, सतवारी, बानी मछेड़ी, जालंधर, दिल्ली, अंबाला और ट्राइसिटी सहित अपने कमान के अधिकृत क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर दिग्गज सैनिक दिवस सप्ताह भर मनाया, जो कि भारतीय सशस्त्र बलों के दिग्गजों द्वारा सेवाकाल के दौरान कर्तव्य की पंक्ति में उनके योगदान और बलिदान को सम्मानित करने के लिए समर्पित किया गया। इस उपलक्ष में पश्चिमी कमान ने चंडीमंदिर में 19 जनवरी को एक भव्य समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना के 1400 से अधिक भूतपूर्व सैनिक शामिल हुए।

इस अवसर पर, पश्चिमी कमान के सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार, जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ और शुचि कटियार, क्षेत्रीय अध्यक्ष, आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन (आवा) ने पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों से बातचीत की और राष्ट्र के प्रति उनकी अमूल्य सेवाओं के लिए आभार और प्रशंसा व्यक्त की।

बातचीत के दौरान लेफ्टिनेंट जनरल कटियार ने सेवानिवृत्त होने के बाद नागरिक समाज में दिग्गजों के



योगदान की प्रशंसा की, जिसने सशस्त्र बलों की छवि को बढ़ाया है और अपने क्षेत्रों में प्रगति और विकास को गति दी है। उन्होंने दिग्गजों को पश्चिमी कमान के निरंतर समर्थन का आश्वासन दिया और भारतीय सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए उनकी सलाह मांगी।

इस कार्यक्रम में मेजर जनरल सविंदर सिंह संधू, लेफ्टिनेंट कर्नल डी आर कटोच, कर्नल एच एस सिंघा और लेफ्टिनेंट कर्नल के सी मेहता सहित 90 वर्षीय उम्र दराज दिग्गजों को भी सम्मानित किया गया। दिग्गज पूर्व सैनिकों ने भलाई के लिए उठाए गए विभिन्न कदमों के लिए कमान की सराहना की और सेना के लिए अपने निरंतर समर्थन की पुष्टि की।

इस कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों के सामने आने वाली विभिन्न चुनौतियों का समाधान भी किया गया, जिसमें वेटरन सहायता केंद्र (वीएसके) और बैंकों ने पेंशन/स्पर्श से संबंधित मुद्दों के समाधान और व्यक्तिगत सहायता प्रदान करने के लिए स्टॉल लगाए। भूतपूर्व सैनिकों को पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस) सहित अतिरिक्त सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दी गई।

पश्चिमी कमान ने सभी भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं के लिए एकल-खिड़की (सिंगल विंडो) शिकायत निवारण प्रणाली में कार्य करने के लिए 42 वीएसके स्थापित किए हैं। छह नए सर्वरों के चालू होने से ईसीएचएस योजना के ऑनलाइन कामकाज को मजबूती मिली है। मोहाली में 30 करोड़ रुपये की लागत से एक एकीकृत वेटेरन कॉम्प्लेक्स को मंजूरी दी गई है, जिसमें चिकित्सा उपचार के लिए अस्थायी (ट्रांज़िट) आवास की व्यवस्था होगी, जिसके लिए राज्य सरकार से भूमि अधिग्रहित कर ली गई है तथा कार्य शीघ्र शुरू हो जाएगा।

# डिजिटल प्रणाली के जरिए भारतीय कृषि का परिदृश्य बदल रही है

• **जालंधर ब्रीज** . नई दिल्ली

भारत में अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार कृषि क्षेत्र है जो अभी अकुशलता, अपर्याप्त ऋण, बाजार तक कम पहुंच और गुणवत्तापूर्ण साधन के अल्पश निवेश और संसाधनों की सीमित उपलब्धता जैसी चुनौतियों का लगातार सामना कर रहा है। डिजिटल कृषि मिशन के तहत किसान केंद्रित बुनियादी ढांचा डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआई) यानी एग्री स्टैक का आरंभ इस दिशा में एक बड़ा बदलाव ला रहा है। एग्री स्टैक, व्यापक डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र द्वारा निजी नवाचार को बढ़ावा देते हुए किसानों के लिए मापीय, अंत:प्रचालनीय और समावेशी समाधान प्रदान करता है।



**एग्री स्टैक** डीपीआई को शासन, सेवा वितरण और समावेशिता में सुधार लाकर संपूर्ण कृषि मूल्य श्रृंखला को बढ़ाने के लिए तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य प्रौद्योगिकी के उपयोग से पारदर्शी, कुशल और संवहनीय डिजिटल कृषि पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करना है।

*डीपीआई में एग्री स्टैक के प्रमुख घटक*

एग्री स्टैक को कृषि क्षेत्र में अंतर-संचालनीयता, मापनीयता, पुन: प्रयोज्यता और निजी नवाचार के मूल सिद्धांतों के आधार पर तैयार किया गया है-

- डिजिटल पहचान प्रणाली: एग्री स्टैक में किसान रजिस्ट्री डेटा बेस, भू-संदर्भित ग्राम मानचित्र और बोई गई फसल की रजिस्ट्री शामिल है। इसके अंतर्गत विश्वतसनीय डिजिटल पहचान के लिए 11 अंकों की अनूठी संख्या के किसान आईडी के साथ ही जनसांख्यिकीय जानकारी और उनकी भूमि जोत और मौसमी फसल संबंधी आंकड़े शामिल किए गए हैं।
- अभी देश भर में 1 करोड़ किसानों के लिए डिजिटल पहचान बनाई गई है। मार्च 2025 के अंत तक 6 करोड़ किसानों को इसमें शामिल करने की योजना है।
- सहायक रजिस्ट्रियां: देश भर में कृषि डेटा के समरूप मानकीकरण के लिए फसल रजिस्ट्री, बीज रजिस्ट्री, कीटनाशक रजिस्ट्री आदि सहित 30 से अधिक सहायक रजिस्ट्रियां बनाई जा रही हैं। अभी विभिन्न उपयोगों के लिए फसल बीमा, फसल क्षेत्र अनुमान, फसल खरीद आदि की 14 सहायक रजिस्ट्रियां काम कर रही हैं।

# *स्वामित्व योजना के तहत बनाए गए संपत्ति कार्ड द्वारा सह-स्वामित्व के माध्यम से महिलाओं का सशक्तिकरण*

*18 जनवरी, 2025 को लगभग 65 लाख स्वामित्व संपत्ति कार्डों का वितरण, ग्रामीण सशक्तिकरण और आर्थिक परिवर्तन की दिशा में भारत की यात्रा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। यह पहल, संपत्ति के अधिकारों को मजबूत करने और समावेशी ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। यह नागरिकों, विशेष रूप से महिलाओं और समाज के वंचित वर्गों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो एक समृद्ध और विकसित भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाता है।*

*ऐतिहासिक रूप से, भारत में ग्रामीण महिलाएँ कृषि, घरेलू प्रबंधन और सामुदायिक जीवन का केंद्र रही हैं। उनके महत्वपूर्ण योगदान के बावजूद, प्रणालीगत बाधाओं ने उन्हें उस भूमि की कानूनी मान्यता से वंचित कर दिया है, जिस पर वे खेती करती हैं और जिसकी देखभाल करती हैं। इस असमानता ने महिलाओं की वित्तीय संसाधनों, अवसरों और स्वतंत्रता तक पहुँच को बाधित कर दिया है, जिससे आर्थिक और लैंगिक असमानताएँ अभी तक मौजूद हैं।*

*स्वामित्व योजना आधिकारिक तौर पर महिलाओं को भूमि के सह-स्वामी के रूप में मान्यता देकर इस आख्यान को नया रूप दे रही है। यह परिवर्तनकारी पहल, महिलाओं को पारिवारिक संपत्ति में समान हिस्सेदारी की सुविधा देती है तथा उन्हें आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाती है। यह लैंगिक समानता को आगे बढ़ाने और ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की वित्तीय स्वतंत्रता को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण कदम है। ग्रामीण भारत में, भूमि स्वामित्व वित्तीय मूल्य से परे है - यह सामाजिक स्थिति और सुरक्षा का प्रतिनिधित्व करता है। संपत्ति के अधिकार के बिना, महिलाओं को अक्सर वित्तीय अस्थिरता, विस्थापन और घरेलू हिंसा का सामना करना पड़ता है। कानूनी भूमि अधिकार प्रदान करके, स्वामित्व योजना महिलाओं को भूमि उपयोग, पहुँच और संसाधनों के संबंध में सुरक्षा और निर्णय लेने की शक्ति प्रदान करती है।*

*योजना के सबसे प्रभावशाली परिणामों में से एक है - महिलाओं को मिली वित्तीय स्वतंत्रता। भूमि स्वामित्व ऋण, क्रेडिट और बीमा जैसी वित्तीय सेवाओं तक पहुँच को सक्षम बनाता है, जो पहले औपचारिक भू-स्वामित्व के बिना संभव नहीं थे। यह पहुँच महिलाओं को अपने परिवार के भविष्य में निवेश करने और वित्तीय स्थिरता स्थापित करने की सुविधा देती है। संपत्ति में महिलाओं को सह-स्वामियों के रूप में शामिल करने से, ग्रामीण महिलाओं के पास अब ऋण प्राप्ति के लिए गिरवी के रूप में अपनी भूमि का उपयोग करने की क्षमता है। उदाहरण के लिए, महाराष्ट्र के पुणे जिले में स्थानीय अधिकारियों ने महिलाओं को संपत्तियों का सह-स्वामी बनने के लिए सक्रिय रूप से प्रोत्साहित किया। परिणामस्वरूप,*

**जालंधर ब्रीज**

**सुशील कुमार लोहानी**
(अपर सचिव, पंचायती राज मंत्रालय)



*महिलाओं द्वारा संयुक्त रूप से या पूर्ण स्वामित्व वाली आवासीय संपत्तियों का प्रतिशत आश्चर्यजनक रूप से 16% से बढ़कर 88% हो गया। इस बदलाव ने महिलाओं को ऋण प्राप्त करने, व्यवसाय शुरू करने और वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करने के साथ-साथ संपत्ति विवादों को कम करने और आर्थिक स्थिरता को बढ़ाने के प्रति सशक्त बनाया है। इसी तरह, मध्य प्रदेश में, राज्य के भू राजस्व संहिता के तहत सह-स्वामी के रूप में महिलाओं को शामिल करने के परिवर्तनकारी प्रभाव हुए हैं। हरदा की श्रीमती शालिया सिद्दीकी जैसी महिलाओं ने बताया कि स्वामित्व योजना के तहत संपत्ति कार्ड प्राप्त करने से कैसे उनकी भूमि सुरक्षित हुई और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए कानूनी समर्थन प्राप्त हुआ। इस सशक्तिकरण ने ऋण, कृषि सहायता और अन्य वित्तीय संसाधनों तक पहुँच को सक्षम किया है, जिससे उनके जीवन की गुणवत्ता में काफी सुधार हुआ है।*

*वित्तीय और कानूनी सशक्तिकरण से परे, यह योजना एक महत्वपूर्ण सामाजिक उपलब्धि है। कई महिलाओं के लिए, संपत्ति का स्वामित्व परिवारों और समुदायों में सुरक्षा, मान्यता और अपनेपन की भावना को बढ़ावा देता है। यह उन सांस्कृतिक मानदंडों को चुनौती देता है, जिन्होंने ऐतिहासिक रूप से महिलाओं को संपत्ति से संबंधित निर्णय लेने की प्रक्रिया से बाहर रखा है। इस योजना के जरिये महिलाओं को घरेलू और सामुदायिक शासन में सक्रिय भूमिका निभाने में सक्षम बनाया गया है। भूमि अधिकारों को सुरक्षित करके, स्वामित्व योजना गहरी जड़ें जमाए लैंगिक पूर्वाग्रहों का समाधान करती है और महिलाओं को निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में भाग लेने के लिए सशक्त बनाती है। कानूनी मान्यता परिवारों और समाज के भीतर उनकी स्थिति को मजबूत करती है, घरेलू संसाधनों पर अधिक नियंत्रण प्रदान करती है और संपत्ति विवादों के दौरान विस्थापन या अधिकारों के उल्लंघन के जोखिम को कम करती है। वित्तीय या व्यक्तिगत संकट के दौरान, भूमि स्वामित्व एक अतिरिक्त सुरक्षा उपाय के रूप में कार्य करता है, जो महिलाओं को अपने अधिकारों का दावा करने और अपनी आजीविका सुरक्षित करने में सक्षम बनाता है।*

*इसके अलावा, यह योजना संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) के अनुरूप है, विशेष रूप से लक्ष्य 1, जिसका उद्देश्य गरीबी को समाप्त करना है, और उप-लक्ष्य 1.4.2, जो महिलाओं सहित कमजोर समूहों के लिए कार्यकाल सुरक्षा को मजबूत करने पर जोर देता है। महिलाओं को संपत्ति के मालिकों के रूप में मान्यता देकर, स्वामित्व योजना इन वैश्विक लक्ष्यों में महत्वपूर्ण योगदान देती है तथा समावेशी और सतत विकास को बढ़ावा देती है। सुरक्षित भूमि अधिकारों के लाभ व्यक्तिगत घरों से आगे जाते हैं। जिन महिलाओं के पास भूमि का मालिकाना हक़ होता है, वे वित्तीय सेवाओं तक पहुँचने, अपने परिवारों के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य परिणामों में सुधार करने और लैंगिक हिंसा को कम करने की दृष्टि से बेहतर स्थिति में होती हैं।*

# लोगों से पैसा लूटने वाले 5 व्यक्तियों को पुलिस ने पकड़ा, 2 लाख रुपये कैश व हथियार बरामद

• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर





पुलिस कमिश्नर स्वप्न शर्मा के नेतृत्व में जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने पैसों से भरा बैग छीनने की घटना से संबंधित जांच के दौरान पांच आरोपियों को काबू कर उनसे दो लाख रुपये बरामद किए हैं।



पुलिस कमिश्नर ने बताया कि पुलिस की एक टीम भोगपुर के नजदीक पैट्रोल पंप व एचएमवी कॉलेज के पास लूट की दो घटनाओ की जांच कर रही थी। उन्होंने बताया कि आदमपुर पुलिस स्टेशन में दो एफआईआर नंबर 08, तिथि 15.01.2025, धारा 304(2) बीएनएस व 25 आर्म्स एक्ट के तहत व एफआईआर नंबर 05, तिथि 16.01.2025, धारा 309(4), 109(2) के तहत दर्ज है। 3 (5) बीएनएस, व 25/27-54-59 हथियार एक्ट के तहत थाना डिवीजन नंबर 2 जालंधर में दर्ज किया गया है। ज्वाइंट कमिश्नर संदीप शर्मा ने बताया कि खुफिया सूत्रों के सहयोग से ज्वाइंट ऑप्रेशन के दौरान तीन नौजवानों मनप्रीत सिंह उर्फ मनी, नितीश महे उर्फ नीति व विवेक, जिनमें से विवेक नाबालिग था, को फ्लोरेंस हॉटेल, शिमला, हिमाचल प्रदेश से गिरफ्तार किया गया।

## चाइनीज डोर के विरुद्ध सख्त कार्यवाही, 116 गट्टू बरामद

अवैध प्लास्टिक की डोर की बिक्री पर नकेल कसते हुए पुलिस कमिश्नर स्वप्न शर्मा के नेतृत्व में जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने शहर से 116 प्लास्टिक के गट्टू जब्त किए हैं।

एफआईआर 10 तिथि 22.01.2025 के तहत 223 बीएनएस एक्ट थाना डिवीजन नंबर 02, जालंधर के ब्यौरे देते हुए पुलिस कमिश्नर ने कहा कि प्लास्टिक के चाइनीज पतंग के धागे की बिक्री व खरीद पर रोक लगाकर सार्वजनिक सुरक्षा को निश्चित करने के लिए मार्किट में एक विशेष अभियान शुरू किया गया था। उन्होंने बताया कि स्थानीय दुकानों पर चीनी पतंग की डोर की अवैध बिक्री के बारे में सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने अपेक्षाकृत दूरदराज स्थित अनाज मंडी के नजदीक अवैध डोर बेचने वाले व्यक्तियों के एक समूह की पहचान की। स्वप्न शर्मा ने बताया कि दुकानदारों के द्वारा 116 गट्टू बरामद किए गए। पुलिस कमिश्नर ने कहा का वह इन चीनी डेर के गैर-कानूनी व्यापार की पूरी लॉबी का पर्दाफाश करने के लिए सक्रियता के साथ अगली कार्रवाई कर रहे हैं। उन्होंने कहा



कि इसमें शामिल सभी व्यक्तियों को पकड़ने की कोशिश की जा रही है और उम्मीद है कि जल्दी ही गिरफ्तारियां हो जाएंगी। स्वप्न शर्मा ने कहा कि कार्यवाई की जा रही है।

# बेटियां हर क्षेत्र में बुलंदियों को छूने में सक्षम, बेटियों के विकास से समाज होगा और मजबूत : डिप्टी कमिश्नर

**सामाजिक सुरक्षा और महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से बेटियों की लोहड़ी का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित**

• **जालंधर ब्रीज.** होशियारपुर

पंजाब सरकार के सामाजिक सुरक्षा और महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत आज यहां बेटियों की लोहड़ी का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। डिप्टी कमिश्नर कोमल मित्तल ने इस अवसर पर कहा कि बेटा-बेटी में कोई फर्क नहीं करना चाहिए क्योंकि बेटियां हर क्षेत्र में बुलंदियों को छूने में सक्षम हैं। उन्होंने कहा कि बेटियों के सर्वांगीण विकास से समाज और मजबूत बनेगा। नजदीकी गांव दोलोवाल में आयोजित इस कार्यक्रम में डिप्टी कमिश्नर कोमल मित्तल और बड़ी संख्या में मौजूद महिलाओं ने 121 नवजात बेटियों की लोहड़ी मनाई। डिप्टी कमिश्नर ने 121 नवजात बच्चियों की माताओं को कंबल, लोहड़ी और अन्य पारंपरिक सामान देकर उनकी सराहना की। कोमल मित्तल ने कहा कि लड़कियां ही सही मायनों में समाज को आगे ले जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि लड़के-लड़की के भेदभाव को खत्म कर हर साल बेटियों की भी लोहड़ी मनाई जानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' का नारा और बुलंद करने के लिए सभी को सामूहिक प्रयास करना चाहिए। साथ ही बेटियों को अच्छी शिक्षा और स्वास्थ्य मुहैया कराना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। आज के कार्यक्रम का उद्देश्य बेटियों के विकास की कामना के साथ-साथ महिलाओं के स्वास्थ्य, जीवन स्तर में सुधार, स्वरोजगार और स्वयं सहायता समूहों



के महत्व के बारे में जागरूक करना है ताकि इन क्षेत्रों में सकारात्मक परिणाम और विकास हासिल किए जा सकें।

डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष स्वास्थ्य जांच कैंप, रोजगार विभाग द्वारा लड़कियों के लिए रोजगार के अवसर, स्वयं सहायता समूहों द्वारा अपने बनाए उत्पादों की प्रदर्शनी, पोषण अभियान और सखी वन-स्टॉप सेंटर आदि के माध्यम से जानकारी उपलब्ध कराई गई। उन्होंने आंगनवाड़ी वर्करों के साथ बच्चियों के गीत गाकर लोहड़ी का त्योहार मनाया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाली 10 लड़कियों और एक महिला उद्यमी को सम्मानित किया गया। इनमें से 5 लड़कियां शिक्षा और 5 खेल क्षेत्र से संबंधित थी। कैंप में 250 से अधिक महिलाओं की जांच की गई और 400 लड़कियों और महिलाओं को नौकरियों की पेशकश की गई।

इस मौके पर आम आदमी पार्टी के देहाती जिला प्रधान गुरविंदर सिंह पाबला, रजिंदर कौर, सहायक सिविल सर्जन सीमा गर्ग, जिला रोजगार अधिकारी रमनदीप कौर, जिला कल्याण अधिकारी हरपाल सिंह, जिला सामाजिक सुरक्षा अधिकारी मनप्रीत सिंह और सीडीपीओ राज रानी भी उपस्थित थे।

## विधानसभा में बाजवा ने पंजाब परिवहन विभाग को लगाई फटकार

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

पिछले दो महीनों से लाखों आवेदकों को ड्राइविंग लाइसेंस (डीएल) और पंजीकरण प्रमाणपत्र (आरसी) स्मार्ट कार्ड प्रदान नहीं किए गए है। पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने गुरुवार को आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के अधीन पंजाब परिवहन विभाग को घर-घर सेवाएं मुहैया कराने के अपने वादे को पूरा करने में विफल रहने के लिए फटकार लगाई। एक खबर का हवाला देते हुए बाजवा ने कहा कि मेसर्स स्मार्ट चिप प्राइवेट लिमिटेड के पिछले साल नवंबर में परियोजना से बाहर निकलने के बाद से 2.5 लाख से अधिक आवेदकों को अभी तक राज्य में अपने डीएल और आरसी स्मार्ट कार्ड नहीं मिले हैं। बैकलॉग हर दिन बढ़ रहा है क्योंकि नए विक्रेता ने अभी तक काम शुरू नहीं किया है।



आरसी की कमी के कारण, इस्तेमाल किए गए वाहनों के मालिकों को वाहन बीमा प्राप्त करना वास्तव में मुश्किल होता है। ऐसी परिस्थितियों में यदि कोई दुर्घटना होती है, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार होगा? इसके अलावा वाहन चालकों को पुलिस उत्पीड़न का शिकार होना पड़ता है। विभिन्न सेवाएं घर-घर मुहैया कराने का आप सरकार का वादा खोखला साबित हुआ है।

# आदर्श नगर में राघव चड्ढा का रोड शो

• **जालंधर ब्रीज.** नई दिल्ली

आप सांसद राघव चड्ढा ने गुरुवार को आदर्श नगर विधानसभा में आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी श्री मुकेश कुमार गोयल जी के लिए रोड शो कर जनता से आशीर्वाद मांगा। इस रोड शो में हजारों की तादाद में नौजवानों, माताओं और बहनों ने हिस्सा लिया। रोड शो में आई लोगों की भीड़ ने दिखा दिया कि ये चुनाव खुद दिल्ली की जनता लड़ रही है। दिल्ली अपने लाल अरविंद केजरीवाल को तीसरी बार रिकॉर्ड बहुमत से जिताने का संकल्प ले चुकी है। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने कहा, "हमें जिस तरह से लोगों का समर्थन मिल रहा है, वह बताता है कि अरविंद केजरीवाल की सरकार दिल्ली में फिर से भारी बहुमत से बनेगी। हमें लोगों से बहुत प्यार, आशीर्वाद और समर्थन मिल रहा है।"

आम आदमी पार्टी ने दिल्ली के लोगों को रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर वादे किए हैं। पार्टी ने दिल्ली के युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। पार्टी ने दिल्ली के लोगों को स्वच्छ और सुरक्षित पानी प्रदान करने के लिए भी कई कदम उठाए हैं। राघव चड्ढा ने बेरोजगारी का मुद्दा उठाते हुए कहा कि अगले 5 साल केजरीवाल सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता रोजगार देना होगी। यदि युवाओं के हाथ में रोजगार आता है, तो



देश मजबूत होगा। इसलिए मुझे लगता है कि आम आदमी पार्टी द्वारा आज किए गए रोजगार के वादे बहुत महत्वपूर्ण हैं और दिल्ली के युवा इस वादे को जरूर पसंद करेंगे। हम जो कहते हैं, वह करते हैं, इसलिए हम अपना वादा जरूर पूरा करेंगे।"

आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने कहा, "आम आदमी पार्टी दिल्ली के लोगों के लिए काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारी पार्टी ने दिल्ली के लोगों को रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर वादे किए हैं। हम इन वादों को पूरा करने के लिए काम कर रहे हैं।" आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के लोगों से वादा किया है कि उनकी सरकार दिल्ली को एक स्वच्छ, सुरक्षित और समृद्ध शहर बनाएगी। उन्होंने कहा है कि उनकी सरकार दिल्ली के लोगों को रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर विशेष ध्यान देगी।

## गणतंत्र दिवस के मद्देनजर ड्रोन उड़ाने पर पाबंदी के आदेश

**कपूरथला (जालंधर ब्रीज).** जिला मैजिस्ट्रेट-कम-डिप्टी कमिश्नर अमित कुमार पांचाल द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान किए जाने वाले सुरक्षा के मद्देनज़र 26 जनवरी को जिला कपूरथला की सीमा में गणतंत्र दिवस मनाये जाने वाले स्थल के 2 किलोमीटर के दायरे मे किसी किस्म का ड्रोन, यूएवी तथा रिमोट कंट्रोल से संचालित छोटे विमानों की उड़ान पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह प्रतिबंध गुरु नानक स्टेडियम कपूरथला, सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल बंगा रोड फगवाड़ा, दाना मंडी सुल्तानपुर लोधी और सरकारी कॉलेज भुलत्थ के 2 किलोमीटर के दायरे में लागू होगा।



ये आदेश जिला मैजिस्ट्रेट द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत जारी किए गए हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह आदेश पुलिस, भारतीय सेना, सीएपीएफ द्वारा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उपयोग किए जाने वाले ड्रोन आदि पर लागू नहीं होगा। सीनियर पुलिस कप्तान कपूरथला इन आदेशों की पालना सुनिश्चित करेंगे।

## सहायक कमिश्नर स्टेट टैक्स ने व्यापार मंडल के साथ की बैठक



• **जालंधर ब्रीज.** होशियारपुर

पंजाब सरकार के कर विभाग के वित्त कमिश्नर (कर) के दिशा-निर्देशों पर सहायक कमिश्नर स्टेट टैक्स परमजीत सिंह के नेतृत्व में जिले में 10 फरवरी तक सर्विस सेक्टर के अनरजिस्टर्ड डीलरों को जीएसटी एक्ट 2017 के तहत पंजीकृत कराने हेतु विशेष सर्वेक्षण चलाया जा रहा है।

इसी कड़ी में वीरवार को सहायक कमिश्नर परमजीत सिंह ने ज़िले के व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उन्होंने व्यापार मंडल को इस विशेष सर्वेक्षण के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया गया कि यह सर्वेक्षण पंजाब राज्य में व्यापार करने वाले सभी अनरजिस्टर्ड डीलरों को जीएसटी एक्ट 2017 के तहत पंजीकृत करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। अधिकारियों ने अपील की कि वे सर्विस सेक्टर से जुड़े अधिक से अधिक अनरजिस्टर्ड डीलरों को पंजीकरण के लिए प्रेरित करें। इस बैठक में व्यपार मंडल के प्रधान गोपी चंद कपूर, राजेश जैन, राजन गुप्ता, राकेश कुमार, चंदर मोहन अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

**युवा शक्ति का सशक्तिकरण**

# विकसित भारत युवा नेता संवाद 2025

**जालंधर ब्रीज**

**डॉ. मनसुख मांडविया**

(केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री)



भारत अपनी स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष-2047 की ओर आगे बढ़ रहा है, ऐसे में हमारे युवा विकसित भारत के निर्माण के हमारे मिशन में सबसे आगे हैं। बिना किसी राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले एक लाख युवाओं को राजनीति में शामिल करने के माननीय प्रधानमंत्री के आह्वान पर, हमने राष्ट्रीय युवा महोत्सव को एक असाधारण रूप में परिकल्पित किया है – "विकसित भारत युवा नेता संवाद 2025"। यह संवाद केवल एक आयोजन नहीं है, यह एक अभियान है, युवा सशक्तिकरण, नेतृत्व और व्यावहारिक विचारों का एक जीवंत उत्सव है, जो "विकसित भारत" से जुड़े देश के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

**राष्ट्रीय युवा महोत्सव की परिकल्पना :** दो दशकों से अधिक समय से, राष्ट्रीय युवा महोत्सव सांस्कृतिक आदान-प्रदान और युवा ऊर्जा का प्रतीक रहा है। हालांकि, इस वर्ष, हमने अलग तरीके से सोचने का साहस किया। 18 नवंबर, 2024 को, हमने उत्सव के प्रारूप में एक अभूतपूर्व परिवर्तन की घोषणा की, जिसके केंद्र में नेतृत्व, नवाचार और राष्ट्र-निर्माण को रखा गया। इस परिकल्पना का केंद्र है – विकसित भारत चुनौती, जो तीन चरणों वाली प्रतियोगिता है। इस प्रतियोगिता को भारत के सबसे प्रतिभाशाली युवाओं की पहचान करने और उन्हें विकसित करने के लिए सावधानीपूर्वक डिज़ाइन किया गया है।

पहले चरण, विकसित भारत क्विज़ में देश भर के लगभग 3 मिलियन युवाओं ने भाग लिया। 12 भाषाओं में आयोजित इस प्रतियोगिता में पिछले दशकों में भारत की प्रगति के बारे में उनके ज्ञान का परीक्षण किया गया, जिससे समावेश और पहुँच सुनिश्चित हुई।

दूसरे चरण के तहत, विकसित भारत निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहराई से विचार करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। अंतिम चरण के अंतर्गत, विकसित भारत विज़न डेक प्रतियोगिता में शीर्ष प्रतिभागी राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में शामिल हुए। यहाँ, युवा नेताओं ने क्षेत्र (डोमेन) विशेषज्ञों और नेतृत्व मध्यस्थों के पैनल के सामने अभिनव विचार प्रस्तुत किए। इन चरणों के माध्यम से पूरी हुई यात्रा को सुदृढ़ता और दृढ़ संकल्प की प्रेरक कहानियों से रेखांकित किया जा सकता है।

**भव्य संवादः एक ऐतिहासिक समागम :** विकसित भारत युवा नेता संवाद 10 जनवरी, 2025 को आधिकारिक तौर पर भारत मंडपम, नई दिल्ली में शुरू होगा, जिसमें 3,000 प्रतिभागी एक ऐतिहासिक समागम में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में विकसित भारत चैलेंज ट्रैक से 1,500 प्रतिभागी शामिल होंगे, जो राज्य चैंपियनशिप की शीर्ष 500 टीमों का प्रतिनिधित्व करेंगे, पारंपरिक ट्रैक से 1,000 प्रतिभागी भाग लेंगे, जो राज्य स्तरीय युवा महोत्सवों से चयनित प्रदर्शनों के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक विविधता को प्रदर्शित करेंगे और 500 पथप्रदर्शक शामिल होंगे, जो विषयगत ट्रैक पर अपने अभूतपूर्व योगदान के लिए चुने गए हैं।

**राष्ट्रीय युवा दिवस :** स्वामी विवेकानंद की जयंती और युवा सशक्तिकरण की उनकी चिरस्थायी विरासत का सम्मान करने के लिए 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह आयोजन का अंतिम दिन होगा, जो प्रत्येक प्रतिभागी के लिए एक निर्णायक क्षण साबित होगा। विषयगत ट्रैक से शीर्ष दस विचार माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे, जो नवोन्मेषी युवाओं को आगे बढ़ने के लिए एक प्रेरक मंच प्रदान करेगा।

यह संवाद शासन और निर्णय लेने में युवाओं को शामिल करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता पर जोर देता है। इसके बाद, प्रतिभागियों को माननीय प्रधानमंत्री और अन्य प्रतिष्ठित नेताओं के साथ दोपहर के भोजन पर बातचीत करने का अवसर मिलेगा। इससे सार्थक बातचीत को बढ़ावा मिलेगा, युवाओं को यादगार पलों को संजोने का मौक़ा मिलेगा और उनमें सशक्तिकरण की भावना का विकास होगा।

## लोग पंजाब सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाएं : संदीप सैनी

**चंडीगढ़ (जालंधर ब्रीज).** पिछड़ा वर्ग भूमि विकास एवं वित्त निगम (बैकफिन्को) द्वारा प्रदेश के पिछड़े वर्गों, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों और अल्पसंख्यकों के लोगों के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ गरीब लोगों तक पहुंचाने के लिए विभिन्न जिलों में जागरूकता शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। पंजाब पिछड़ा वर्ग भूमि विकास एवं वित्त निगम (बैकफिन्को) के चेयरमैन श्री संदीप सैनी ने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में और सामाजिक न्याय, अधिकारिता एवं अल्पसंख्यक मंत्री डॉ. बलजीत कौर के मार्गदर्शन में पंजाब राज्य के पिछड़े वर्गों और अल्पसंख्यक समुदायों के कल्याण हेतु हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। चेयरमैन संदीप सैनी ने बताया कि बैकफिन्को द्वारा पिछड़े वर्गों, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों और अल्पसंख्यक समुदाय के व्यक्तियों के आर्थिक स्तर को ऊंचा उठाने के उद्देश्य से स्व-रोजगार योजनाओं के तहत कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। सीधा ऋण योजना, एन.बी.सी. योजना और एन.एम.डी. योजना के माध्यम से कमजोर वर्गों और पिछड़े समुदायों की आर्थिक सहायता की जा रही है। ये योजनाएं राष्ट्रीय निगमों एन.बी.सी.एफ.डी.सी. और एन.एम.डी.एफ.सी. के सहयोग से चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं के तहत पात्र व्यक्तियों को ऋण उपलब्ध कराया जाता है और स्वीकृत राशि सीधे उनके बैंक खाते में भेजी जाती है।



चेयरमैन ने बताया कि श्री मुक्तसर साहिब, होशियारपुर, रोपड़, अमृतसर और एस.ए.एस. नगर जिलों में जागरूकता कैंप लगाए जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त, लुधियाना में 24 जनवरी को, पटियाला में 29 जनवरी, फिरोजपुर में 30 जनवरी, संगरूर में 31 जनवरी और बठिंडा में 7 फरवरी को कैंप आयोजित किए जाएंगे।

## 21वीं पशुधन गणना : पर्यवेक्षकों और गणनाकारों को रिफ्रेशर प्रशिक्षण दिया




**जालंधर (जालंधर ब्रीज).** जिले में 21वीं पशुधन गणना के लिए तैनात पर्यवेक्षकों और गणनाकारों के समूह को आज स्थानीय सर्किट हाउस में एक विस्तृत पुनश्चर्या प्रशिक्षण प्रदान किया गया। पशुपालन विभाग जालंधर के उपनिदेशक डा. हारुन रतन ने बताया कि राज्य में नवंबर में शुरू हुई पशुधन गणना के तहत सरकार के निर्देशानुसार पशुपालन विभाग जालंधर द्वारा जिले में सुपरवाइजरों व गणनाकारों के माध्यम से कार्य करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आज के प्रशिक्षण सत्र में नोडल अधिकारी डा. करणदीप सांगा द्वारा पर्यवेक्षकों एवं गिनतीकारो को विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया तथा पशुगणना के दौरान आने वाली समस्याओं का भी मौके पर ही समाधान किया गया। उपनिदेशक ने सभी पर्यवेक्षकों, प्रगणकों एवं अन्य पदाधिकारियों को पशुधन गणना के कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया।

# गेंदबाजों में बुमराह व ऑलराउंडर्स में जडेजा नंबर-1

**आईसीसी टेस्ट रैंकिंग** | **बल्लेबाजों में यशस्वी जयसवाल और ऋषभ पंत टाप-10 में**

**स्पोर्ट्स डेस्क.** आईसीसी ने बुधवार को ताजा रैंकिंग जारी की है। इस रैंकिंग में भारत के प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह नंबर एक गेंदबाज बने हुए हैं। वहीं रविंद्र जडेजा ने ऑलराउंडर्स की श्रेणी में अपना टॉप स्थान बरकरार रखा है। बुमराह ने जनवरी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें और अंतिम बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले 907 अंक हासिल किए थे और इतिहास रचा था। ये किसी भारतीय गेंदबाज द्वारा उच्चतम आईसीसी रैंकिंग रेटिंग है। फिलहाल, उनकी 908 रेटिंग है और जो कि उनकी सर्वश्रेष्ठ रेटिंग है।

ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस 841 रेटिंग अंकों के साथ टेस्ट गेंदबाजों में दूसरे और दक्षिण अफ्रीका के कगिसो रबाडा 837 रेटिंग अंकों के साथ गेंदबाजों में तीसरे स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड चौथे और दक्षिण अफ्रीका के मार्को यानसेन पांचवें स्थान पर हैं। मुल्तान में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में 6 विकेट लेने के बाद पाकिस्तान के नोमान अली (761) टॉप 10 में पहुंच गए हैं। वह दो स्थान




फोटो-बीसीसीआई

की छलांग के साथ नौवें स्थान पर हैं। साथ ही टॉप 10 टेस्ट गेंदों में 10वें स्थान पर भारत के रविंद्र जडेजा हैं।

टेस्ट फॉर्मेट में टॉप 10 ऑलराउंडर्स की सूची में ज्यादा बदलाव नहीं हुए हैं। जडेजा 400 रेटिंग अंकों के साथ टॉप स्थान पर बरकरार हैं। उनके बाद दक्षिण अफ्रीका के मार्को यानसेन हैं। उनका रेटिंग अंक 294 है। बांग्लादेश के मेहदी हसन 284 रेटिंग अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस 282 रेटिंग अंकों के साथ चौथे और बांग्लादेश के शाकिब अल हसन 263 रेटिंग अंकों के साथ ऑलराउंडरों में पांचवें नंबर पर हैं।

वहीं टेस्ट बल्लेबाजों में टॉप स्थान पर इंग्लैंड के जो रूट हैं। उनके रेटिंग अंक 895 है। वहीं दूसरे स्थान पर 876 रेटिंग अंकों के साथ इंग्लैंड के ही हैरी ब्रूक हैं। तीसरे नंबर पर न्यूजीलैंड के केन विलियमसन हैं। उनके रेटिंग अंक 867 हैं। भारत के यशस्वी जायसवाल 847 रेटिंग अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं। जबकि ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड 772 रेटिंग अंकों के साथ पांचवें स्थान पर हैं। टेस्ट बल्लेबाजों में टॉप 10 में भारत के दो खिलाड़ी हैं। यशस्वी जायसवाल के अलावा ऋषभ पंत हैं। पंत को एक स्थान का नुकसान हुआ है। वह 10वें स्थान पर लुढ़क गए हैं। खराब फॉर्म में चल रहे विराट कोहली 26वें, जबकि शुभमन गिल 22वें स्थान पर हैं। जबकि रोहित शर्मा टेस्ट बल्लेबाजों में 43वें स्थान पर हैं।

Printed, Published & Owner by ATUL SHARMA & Printed at SARANGLE PRINTERS, BASTI GUZAN JALANDHAR (PUNJAB) and Published from ATUL SHARMA, NN453 GOPAL NAGAR JALANDHAR (PUNJAB)
Editor : ATUL SHARMA*
*Responsible for selection of News under the PRB ACT. PUNHIN/2019/77863, All Rights Reserved. Reproduction in whole or in Part without permission is prohibited. All disputes shall be settled at Jalandhar jurisdiction only.